रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73 REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 15] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 10, 1982 (चैत्र 20, 1904)
No. 15] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 10, 1982 (CHAITRA 20, 1904)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that if may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	341
भाग I—खण्ड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनायें .	467
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किये गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनायें .	7
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनायें	455
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . . .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरण (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	731
भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरण (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनायें . .	1409
भाग II—खण्ड 3(iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरण (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	159
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किये गये सांविधिक नियम और आदेश . .	63
भाग III—खण्ड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें . . .	4571
भाग III—खण्ड 2—पेटन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें और नोटिस . . .	179
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें . .	97
भागIII—खण्ड 4—विविध अधिसूचनायें जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . . .	1010
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस . . .	95
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक . .	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई ।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence(..	341
PART 1—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	467
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	7
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	455
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	731
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	1409
PART II—SECTION 3(iii).—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	159
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	63
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	4571
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	179
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	97
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1010
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	95
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1
(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 फरवरी 1982

सं० 19/प्रेज/82:—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिये "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. श्री विनोद कुमार डिमरी
भूतपूर्व उप वन रेंजर, जमानी,
जिला होशंगाबाद, मध्य प्रदेश।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 24 जून, 1978)

(मरणोपरान्त)

श्री विनोद कुमार डिमरी मध्य प्रदेश में वन रेंजर के पद पर नियुक्त किये गये थे। जून, 1978 को उप वन रेंजर के रूप में उनकी बदली होशंगाबाद वन खण्ड के जमानी सब डिवीजन में की गई। यह क्षेत्र पेड़ों को गैर कानूनी ढंग से काटने वाले असामाजिक तत्वों की वजह से कुख्यात था। 23/24 जून, 1978 की रात को 2 बजे जब वे अपने वन गार्डों के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे तो उन्होंने पीपलधाना गांव के समीप मुख्य तवी नहर पर गैर कानूनी तरीके से कटी लकड़ियों से भरी दो बैल गाड़ियां पकड़ ली। उन्होंने अभियुक्तों को बैलगाड़ियों सहित जमानी चलने को कहा। वे मुश्किल से लगभग एक किलोमीटर ही चले होंगे कि पीपलधाना गांव के 15-20 व्यक्तियों ने श्री डिमरी तथा अन्य व्यक्तियों पर अचानक हमला बोल दिया। उन्होंने घातक हथियारों से लैस इन व्यक्तियों का बड़ी बहादुरी से मुकाबला किया। इस मुठभेड़ में वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गये जिसके कारण 25 जून, 1978 की सुबह उनकी मृत्यु हो गई।

श्री विनोद कुमार डिमरी ने इस प्रकार वीरता, साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. श्री धर्म पाल विज,
3967, रोशनारा रोड, दिल्ली।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 19 मार्च, 1980)

19 मार्च, 1980 को दोपहर बाद दो बजे के करीब जब श्री धर्म पाल विज अपनी कार में बजीरपुर से गुजर रहे थे तो उन्होंने एक मोटर साइकिल पर तीन व्यक्तियों को देखा। एक व्यक्ति के पास सन्तरी रंग का एक थैला था। मोटर साइकिल के संकेत पर श्री विज ने अपनी कार रोक दी। कार रुकते ही पिस्तौल तथा रिवाल्वर से लैस दो व्यक्ति इनके पास आये। एक व्यक्ति अपनी रिवाल्वर लेकर कार की बांई ओर की खिड़की और दूसरा पिस्तौल लेकर दांई ओर की खिड़की के पास खड़ा हो गया तथा श्री विज से कहने लगे कि जो कुछ भी उनके पास है उन्हें दे दें अन्यथा उन्हें जान से मार देंगे। उन्होंने उनसे उनकी घड़ी, सोने की दो अंगूठियां, और सोने का एक कड़ा ले लिया और फिर पंजाबी बाग की ओर चल दिये। श्री विज ने अपनी कार से उनका पीछा किया और ब्रिटानिया बिस्कुट फैक्टरी के पास उनकी मोटर साईकिल को एक ओर से धक्का दिया जिसके फलस्वरूप वे नीचे गिर पड़े। श्री विज ने कार से बाहर निकल कर उनमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया जो बाद में मुजफ्फरनगर का राजेन्द्र उर्फ विजय निकला। इसी बीच घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई और उन्होंने मेरठ के जयसिंह नामक दूसरे व्यक्ति को दबोच लिया। परन्तु धर्म लाल नामक तीसरा व्यक्ति किसी तरह भागने में सफल हो गया।

श्री धर्म पाल विज ने इस प्रकार साहस, दृढ़ निश्चय तथा वीरता का परिचय दिया।

3. फ्लाइंग अफसर सुरेश गट्टू (14562),
उड़ान (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 23 मई, 1980)

23 मई, 1980 को, फ्लाइंग अफसर सुरेश गट्टू को दो वायुयानों वाली एक सैक्टर टोह उड़ान में नं० 2 के तौर पर उड़ने का आदेश दिया गया। उड़ान पूरी होने के बाद, हजारों फुट के ऊपर फार्मेशन से अलग होकर, जब फ्लाइंग अफसर सुरेश गट्टू आउनबिड में मुड़े तो उन्होंने देखा कि उनके उड़ान यंत्र टिमटिमा रहे हैं और नाकारा हो चुके हैं। इस मौके पर, उनके रेडियो टेलीफोन ने काम करना बन्द कर दिया। उन्होंने सामान्य साधनों के अण्डरकैमरियेज को नीचे उतारने के विफल प्रयास किये। कोन अटक चुका था और उसे हाथ से खींचने के सभी प्रयास विफल हो चुके थे। फ्लैप्स को नीचे झुकाने में भी असफलता मिली। ट्रिमर भी अटका हुआ और नाकारा था और काकपिट में बिजली के संकेत-चिह्न ठप्प पड़ चुके थे। इससे उन्हें बिजली फेल हो जाने की पुष्टि हो गई। फ्लाइंग अफसर सुरेश गट्टू ने अण्डरकरियेज को आपात-विधि से नीचे उतारा और बिना फ्लैप खोले नीचे की ओर आये। भूमि छूने के बाद, उन्होंने

एच० पी० काक बंद कर दिया और टेलशूट को चालू किया। टेलशूट नहीं चला और ले-देकर, मैक्सरेट ब्रेकें भी नकारा हो चुकी थीं (उनकी थ्रेशोल्ड गति 300 कि० मी० प्रति घण्टा थी क्योंकि विमान के फ्लैप बन्द थे)। फ्लाइंग अफसर सुरेश गट्टू ने बड़े भारी संकट से निपटते समय अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए बहु-मूल्य वायुयान को बचा लिया और पट्टी के आखिरी सिरे तक वायुयान को सुरक्षित रोकने में सफल हो गये।

फ्लाइंग अफसर सुरेश गट्टू ने इस प्रकार उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता, योग्यता तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. जी 10817 ड्राइवर मैकेनिकल इक्विपमैंट चेत सिंह (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 24 जून, 1980)

24 जून, 1980 को हिमाचल प्रदेश में किन्नौर जिले के मलिंग नामक स्थान पर मलिंग नाले में भयंकर बाढ़ के कारण हिन्दुस्तान तिब्बत सड़क का लगभग 300 फुट भाग कट कर बह गया। इस कारण पूह से कौरिक तक सारा यातायात ठप्प हो गया। पहाड़ी से तीव्र गति से गिरने वाले पत्थरों ने पैदल यात्रियों के आवागमन को भी जोखिम पूर्ण बना दिया था।

ऐसी विषम परिस्थिति में 851 जल विकास व्यवस्था प्लाटून के जी-10817 ड्राइवर मैकेनिकल इक्विपमैंट चेत सिंह को दरार वाले क्षेत्र में डोजर से नई जगह काटने और बही हुई जगह पर सड़क बनाने के लिये कहा गया। तीव्र गति से गिरने वाले पत्थरों से चालक और उपस्कर दोनों की सुरक्षा के लिये लगातार खतरा बना हुआ था। इसके बावजूद श्री चेत सिंह अपने कार्य में लगे रहे और उसका अधिकांश भाग पूरा कर दिया। ये बहुत से शिला-खण्डों से बचते रहे, लेकिन 2 जुलाई, 1980 को 0745 बजे डोजर चलाते समय एक तीव्र गति से गिरने वाला पत्थर उन्ह आ लगा और उनके सिर मे गहरी चोट लगी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पूह के विभागीय अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उनकी मृत्यु हो गई।

श्री चेत सिंह ने इस प्रकार अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

5. कुमारी सुनीता कपूर और श्रीमती उर्मिला कान्ता कपूर
ग्राम मोरेह, जिला टेलगनोपाल, मणिपुर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 17 जुलाई, 1980)

मणिपुर में टेलगनोपाल जिले के मोरेह ग्राम में श्री आनन्द देव कपूर के घर में 17 जुलाई, 1980 की रात में लगभग 8.30 बज दो हथियार बन्द लुटेरे घुस गये। उनको देख कर श्री कपूर और घर के अन्य निवासी इतने भयभीत हो गये कि वे सहायता के लिये चिल्ला भी न सके। लुटेरों ने श्री कपूर से नकदी और सोने के जेवरात की मांग की और जिसके न देने पर सारे घरवालों को मार डालने की धमकी दी। उनकी 12 वर्षीय पुत्री कुमारी सुनीता कपूर ने तुरन्त एक सशस्त्र लुटेरे के हाथ पर "डागरा" (चावल बीनने के लिये बढ़िया बांस के टुकड़ों से बनाई गई, घरेलू वस्तु) से प्रहार किया। उसके इस अचानक साहसिक कार्य के फलस्वरूप लुटेरे के हाथ से भरी हुई पिस्तौल नीचे गिर गई और वह बुरी तरह घबरा गया। इसी बीच श्रीमती उर्मिला कान्ता कपूर ने दूसरे लुटेरे को पीछे से पकड़ लिया। हाथापाई हुई और लुटेरे गोली नही चला सके पर भागने में सफल हो गये। पुलिस ने घटना स्थल से एक भरी हुई पिस्तौल और एक .303 का कारतूस बरामद किया।

सशस्त्र लुटेरों को रोकने में कुमारी सुनीता कपूर और श्रीमती उर्मिला कान्ता कपूर ने अपने प्राणों को खतरे में डाल कर, साहस और उच्चतम कोटि की सूझ बूझ का परिचय दिया।

6. श्री यांगलेम्से, खेमगुगन,
ग्राम रक्षक, चौकी कमांडर (वी० जी० एल०/ एच० डब्ल्यू० संख्या 7981)

चिफूर गांव, थोनोकन्यू सर्किल, जिला तुएनसांग, नागालैंड।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 2 सितम्बर, 1980)

2 सितम्बर, 1980 की रात मे लगभग 8.15 बजे श्री यांगलेम्से खेमनुगन, ग्राम रक्षक चौकी कमांडर, को जब यह सूचना मिली कि कुछ भूमिगत विरोधियों द्वारा चिफूर गांव पर हमला करने की संभावना है तो वे तत्काल उस गांव को ओर भागे और घर-घर पर जाकर सीटी बजाकर गांव के सभी रक्षकों को सावधान करने पर गांव की सुरक्षा के लिये भी समुचित व्यवस्था की। आधी रात के समय मालूम हुआ कि करीब 100 भूमिगत सशस्त्र व्यक्ति स्व-चालित हथियारों से लैस लगभग 50 कुलियों सहित चिफूर गांव के बहुत निकट आ गये है। फिर श्री खेमगुमन ने गांव का बड़ा ढोल बजाया और भूमिगत लोगों को ललकारा कि वे उनकी किसी भी चुनोती को स्वीकार करने के लिये तैयार है। यद्यपि चिफूर की ग्राम रक्षक चौकी में केवल 40 ग्राम रक्षकों के पास .303 राइफलें और कुछ बन्दूकें थीं फिर भी श्री खेमनुगन के दृढ़ संकल्प से प्रोत्साहित होकर अपने से उत्तम बल रखने वालों का सामना करने के लिये चट्टान की तरह डट गये। पौ फटने पर भूमिगत व्यक्ति गांव पर हमला किये बगैर ही अपने कुलियों के साथ वहां से चले गये।

श्री यांगलेम्से खेमनुगन ने इस प्रकार दृढ़ निश्चय, असाधारण साहस तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

7. श्री एच० खुंगी खोमनुगन, (गांव का चौकीदार नं० 7976),
पंग गांव, थीनोकन्यू सर्कल, जिला तुएनसांग।
(मरनोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 3 सितम्बर, 1980)

3 सितम्बर, 1980 को गांव के चौकीदार श्री एच० खुंगी खीमनुगन पंग गांव को जाने वाले रास्ते पर सन्तरी के काम पर तैनात थे। अचानक वहां स्वचालित हथियारों से लैस बड़ी संख्या में भूमिगत सशस्त्र व्यक्ति आ गये। श्री खोमनुगन अच्छी तरह समझते थे कि वे उन्हें नहीं छोड़ेंगे फिर भी वे अपनी जगह पर डटे रहे और .303 राइफल से उन्होंने चार गोलियां विरोधियों पर चला दीं। इससे विरोधियों के पक्ष के कुछ व्यक्ति घायल हुए और कुछ मारे गये। इस के फौरन बाद विरोधियों ने उन पर स्वचालित हथियारों से बार-बार गोली चलाई गई और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

श्री एच० खुंगी खीम-नुगन ने इस प्रकार असाधारण साहस और अति उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

8. (1) ग्राम चौकीदार संख्या 2224, श्री सी० खोऊ खिमनगन
(2) ग्राम चौकीदार संख्या 2222, श्री पांसिंग खिमनगन
(3) ग्राम चौकीदार संख्या 8082, श्री पी० थंगसोय खिमनगन और
(4) ग्राम चौकीदार संख्या 7978, श्री लंगसोय खिमनगन।
सभी ग्राम पांग, थोनोकन्यू सर्कल, जिला त्यानसांग, नागालैंड।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 3 सितम्बर, 1980)

3 सितम्बर, 1980 को लगभग ग्यारह बजे सुबह करीब 100 भूमिगत विरोधी भारी संख्या में स्वचालित हथियारों से लैस करीब 50 कुलियों सहित उत्तरी छोर से पांग गांव में घुस गये और तत्काल लूटपाट करने में और मकानों को आग लगाने में लग गये। वे रुक-रुक कर लगातार अपने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाते रहे। पुरानी 303 राइफलों और बन्दूकों से लैस गांव में उपलब्ध ग्राम रक्षकों ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिये बहुत भारी खतरा उठाते हुए विरोधियों के आक्रमण को पछाड़ने के लिये तत्काल कार्रवाई की। श्री सी० खाऊ खिमनगन (2224) और श्री पांसिंग खिमनगन (2222) ने अपनी .303 राइफलों से गोली चलाई और दोनों ने एक-एक विरोधी को मार गिराया। विरोधियों के वापिस हटने के मार्ग का पूर्व अनुमान लगाकर गांव के चौकीदारों ने रक्षात्मक मोर्चा बना कर एक और भूमिगत व्यक्ति को मार दिया। इसी प्रकार श्री पी० थंगसोय खिमनगन (8082) ने विरोधियों के नेता को मार गिराया। गांव के ऊपरी भाग में गांव के चौकीदारों ने मिलकर दो बार घात लगाई। विरोधी जब गांव से माल लूटकर, वहां आग लगाकर और कुछ गांववालों को मार कर वापिस आ रहे थे तो चौकीदारों ने बार-बार गोली चला कर उन्हें परेशान कर दिया। पीछे हटते हुए विरोधियों को तीन घण्टे से अधिक लड़ाई लड़ने पर मजबूर होना पड़ा जिस में वे भारी संख्या में हताहत हुए। अति उत्तम बल के विरुद्ध गांव के चौकीदार विशेषकर श्री लंगसोय खिमनगन (7978) तथा उसके साथियों के असाधारण वीरता के ऐसे तालमेल से विरोधियों के मनोबल को बहुत भारी क्षति पहुंची। और वे अन्ततः छः शवों को छोड़कर भाग खड़े हुए।

श्री सी० खाऊ खिमनगन, श्री पांसिंग खिमनगन, श्री पी० थंगसोय खिमनगन तथा श्री लंगसोय खिमनगन ने इस प्रकार उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

9. श्री वान लालाओ,
ग्राम पियरसुन्मुख, डा० व थाना, चुराचांदपुर,
साउथ डिस्ट्रिक्ट, मणिपुर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 9 सितम्बर, 1980)

नौ और दस सितम्बर, 1980 की रात को मणिपुर में कांगपात नामक स्थान में कुछ बदमाश, .303 की 6 राइफलें और .303 के 235 कारतूस लेकर भाग गये। श्री वान लालाओ, जो 10 सितम्बर, 1980 को इम्फाल में थे, बदमाशों का पीछा करते हुए खुंगलू गांव पहुंचे। इनके दल ने तेरह सितम्बर, 1980 की सुबह एक महिला से, .303 के 20 कारतूस बरामद किये जिन्हें उसने अपने खेत में पाया था। वहां से पुख्ता सुराग मिलने पर श्री लालाओ अपने दल सहित आसंगखुल्लन गांव पहुंचे। चौदह सितम्बर, 1980 को इन्होंने सारा गांव घेर लिया और पांच आदमियों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे एकदम पूछताछ करने के बाद दल ने हथियारों को सौंपने के लिये गए हुए अन्य तीन बदमाशों को पकड़ने के लिये घात लगाई परन्तु वे इनके जाल में नहीं आये। इसके बाद इनका दल वापिस कांगपात लौट आया। श्री लालाओं ने पूछताछ करने में सहायता की और विरोधियों के अड्डे और बदमाशों के नेता की सूचना प्राप्त की। 17 सितम्बर, 1980 को बदमाशों के नेता श्री नगारिपन को पकड़ लिया गया। इस सम्बन्ध में अभी आगे कार्रवाई करने की योजना बनाई जा रही थी कि 18 सितम्बर, 1980 को श्री लालाओ 35 किलोमीटर दूर चासड नामक स्थान पर पहुंचे और खराब मौसम के बावजूद महत्वपूर्ण साज-सामान लाने में सफल हुए।

श्री लालाओ ने 21 सितम्बर, 1980 के बाद विभिन्न दलों का नेतृत्व किया और उपयोगी सूचना प्राप्त की। 7 अक्तूबर, 1980 से की गई संयुक्त कार्रवाई में इनके दल ने रात के समय एक आदमी को समीप ही बन्दूक लेकर घूमते हुए देखा। श्री लालाओ चुपचाप उसके पीछे हो लिए और उसे दबोच लिया और उससे हथियार छीन लिए। वह आदमी स्वयंसेवक लिक्सन निकला। नौ अक्तूबर,

1980 को एक दल का नेतृत्व करते हुए श्री लालाओं ने एक उग्रवादी को देखा और तत्काल गोली चलाकर उसे वहीं गतिहीन कर दिया। तिस पर श्री संगाए, श्री नगायूजर और श्री खनौट ने भी गोली चलाई और उस उग्रवादी को मार गिराया।

श्री लालाओ ने इस प्रकार अनुकरणीय साहस, वीरता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

10. श्री रनवंग शिमरा पामथेंग,
ग्राम व पी० ओ० ऊपांगशक,
ईस्ट डिस्ट्रिक्ट मणिपुर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 9 सितम्बर, 1980)

नौ और दस सितम्बर, 1980 की रात को मणिपुर के कांगपात नामक स्थान पर उग्रवादियों और स्वयंसेवकों के बीच हुई गोलाबारी के बाद उग्रवादी, .303 की 6 राइफलें और .303 के 235 कारतूस लेकर भाग गए। श्री रनवंग शिमरा पामथेंग को इस बारे में सूचना एकत्र करने और पूछताछ करने का काम मुख्य रूप से सौंपा गया क्योंकि वे सभी आदिवासी और मिताई बोलिया जानते थे। उन्होंने ये महत्वपूर्ण सुराग दिया कि हथियार उग्रवादियों ने स्वयं सीधे नहीं हासिल किए परन्तु वे उन्हें अपने आदिवासी एजेन्टों के मार्फत प्राप्त हुए हैं। इस पर वे अपने केवल छः स्वयंसेवकों को लेकर भयास्पद क्षेत्र में से 35 किलोमीटर की दूरी पैदल पार करते हुए असंगखुलन पहुंचे। तीन स्वयंसेवकों सहित श्री पामथेंग सारी रात मार्च करते रहे और ऐसी सही सूचना प्राप्त करके लौटे जिससे पांच संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। श्री पामथेंग ने तत्काल उनसे पूछताछ की और कुछ सूचना प्राप्त कर ली। बाद में और पूछताछ करने पर महत्वपूर्ण सूचना मिली और तत्काल उस पर आगे कार्रवाई की गई।

श्री पामथेंग ने यह मालूम कर लिया कि नगापैरम गांव का श्री नगापैरम हथियारों की लूट-पाट करने वाले गिरोह का नेता था और उसे पकड़ लिया गया और उस के घर से गैर कानूनी रूप से रखी हुई एक स्वचालित चालू राइफल बरामद की गई। ग्राम असंगखुलन के एक और संदिग्ध व्यक्ति श्री सिमथर को भी पकड़ लिया गया और उसके कब्जे में पाई गई एक गैर कानूनी राइफल को बरामद कर लिया गया। इनके प्रयत्नों से उग्रवादियों के छिपने के दो स्थानों का पता लगाया गया और उन्हें नष्ट कर दिया गया और 25 सितम्बर, 1980 को उग्रवादियों से सम्पर्क स्थापित कर लिया गया। 7 अक्तूबर, 1980 से जो कार्रवाई शुरु की गई उसमें स्वयंसेवियों के दल का नेतृत्व करने वाले श्री पामथेंग पहले व्यक्ति थे जो विरोधियों से भरपूर क्षेत्र के चोरी नामक गांव में घुसे। सूचना एकत्र करने में उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप 8 अक्तूबर, 1980 को विरोधियों के कैम्प पर अचानक हमला कर दिया गया। वे अपने देश दल और मार्गदर्शकों के साथ विरोधियों के छिपने के स्थान पर पहुंच गए।

श्री रनवंग शिमरा वामथेंग ने इस प्रकार अपने जीवन को गम्भीर संकट में डालकर असाधारण साहस, वीरता और देशभक्ति का परिचय दिया।

11. श्री हंगयो हेनरी,
ग्राम कैक जांग, पी० ओ० चासद,
ईस्ट डिस्ट्रिक्ट, मणिपुर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 9 सितम्बर, 1980)

नौ और दस सितम्बर, 1980 की रात को मणिपुर में कांगपात नामक स्थान से कुछ बदमाश, .303 की 6 राइफलें और .303 के 235 कारतूस लेकर भाग गए। श्री हंगयो हेनरी की इस घटना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। श्री हेनरी तत्काल रवाना हो गए और 12 सितम्बर, 1980 को कांगपात पहुंचने पर इन्होंने अपने साथियों से आवश्यक जानकारी हासिल की और छापामार जो सामान पीछे छोड़ गए थे उसकी जांच की। एक "दाब" देखने पर इन्होंने तत्काल भांप लिया कि वह असंगखुलन गांव के आदिवासियों का है। इस पर श्री लालाओ के अधीन एक दल को लेकर ये उस गांव की ओर बढ़े। रास्ते में 13 सितम्बर, 1980 को सुबह इस दल ने एक महिला से .303 के 20 कारतूस बरामद किए जो उसे अपने खेत में मिले थे। असंगखुलन पहुंचने पर गांव को घेर लिया गया और गांव के सभी पुरुषों को लाइन में लगाया गया और अनुवर्ती कार्रवाई में उन पांच अपराधियों को पकड़ लिया गया। स्थानीय व्यक्ति के लिए यह बहुत बड़े साहस का काम है कि वह सब के सामने राष्ट्र विरोधी ऐजेन्टों की पहिचान कर उन्हें पकड़वाए। परन्तु श्री हेनरी ने इसमें बड़ी दृढ़ता और साहस का परिचय दिया।

श्री हेनरी के दल ने विद्रोहियों के दो खाली पड़े शिविरों को देखा और उन्हें नष्ट कर दिया। यह श्री हेनरी का ही दल था जिसने 25 सितम्बर, 1980 को उग्रवादियों से सम्पर्क स्थापित किया और दो उग्रवादियों को माक्लीग नदी पार करते हुए देखा। 7 अक्तूबर, 1980 से जो कार्रवाई शुरु की गई, उस में श्री हेनरी कांगपात दल के अग्रणी स्काउट थे। कांगपात से दोपहर बाद चलने पर ये उसी रात अपने दल को चोरी गांव ले आए। श्री पामथेंग सही जानकारी लेकर इनके दल को मिला। श्री हेनरी ने 8 अक्तूबर, 1980 की रात के दस बजे दस स्वयंसेवकों को लेकर सारी रात मार्च करते हुए और खोज करते हुए अगले दिन प्रातः चार बजे से पहले-पहले मुखिया, मन्त्री और दो अन्य विरोधियों के एजेन्टों को चौरीखुम गांव के पास पकड़ लिया।

9 अक्तूबर, 1980 को श्री हेनरी इन्हें पहले गांव से 5–6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चोरोखुलान ले आए। इनसे पूछताछ करने पर पहले से मिली सूचना की पुष्टि हो गई और इनके दल ने तत्काल कार्रवाई आरम्भ कर दी। उग्रवादियों के छिपने पर धावा बोलने के लिए श्री हेनरी अपने दल तथा मार्गदर्शकों सहित आगे बढ़े। अपने दल सहित इन्होंने उग्रवादियों का पूरजोर पीछा किया और ऐसा करते हुए ये दल में सबसे आगे रहे और कार्रवाई में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए ये महान प्रोत्साहन के प्रतीक थे। 2 अक्तूबर, 1980 से ये फिर से एक अन्य दल में शामिल हुए और खोज संबंधी कार्य 28 अक्तूबर, 1980 तक जारी रखा जिसके परिणामस्वरूप अवैध हथियार बरामद हुए।

श्री हंगयो हेनरी ने इस प्रकार अपने जीवन के लिए पैदा होने वाले खतरे की परवाह न करते हुए अनुकरणीय साहस और शूरवीरता का परिचय दिया।

12. स्क्वाड्रन लीडर अधिप बनर्जी (11592),
उड़ान (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 17 सितम्बर, 1980)

17 सितम्बर, 1980 को, स्क्वाड्रन लीडर अधिप बनर्जी (11592), उड़ान (पायलट), जो कि एक टेस्ट पायलट है, एक हन्टर वायुयान की परीक्षण उड़ान पर तैनात किए गए। उड़ान परीक्षण के बाद, 1000 फट पर बादलों के बीच से उतरने के दौरान, वायुयान की सामने की विंडशील्ड से एक गीध टकराया। इस टक्कर से कैनोपी टूट गई, जिससे धमाका हुआ और काकपिट के अन्दर का वायुदबाव कम होने लगा और हवा के बहुत तेज थपेड़े अन्दर आगे लगे। गीध विंडशील्ड में से अन्दर आकर सीधे इनके चेहरे पर जा टकराया। सौभाग्य से, उसकी टक्कर इनके वाइज़र और हेलमेट से हुई। गीध के खून व लीथड़ों से इनका वाइज़र और सामने की कैनोपी बुरी तरह से लिभड़ गई जिसके फलस्वरूप इनके लिए सामने का दृश्य पूर्ण रूप से अवरुद्ध हो गया था। ऐसी स्थिति में स्क्वाड्रन लीडर अधिप बनर्जी ने बड़ी सूझ-बूझ और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया और वायुयान को सुरक्षित अड्डे पर ले आए। इन्होंने तुरन्त ही यंत्रों का सहारा लिया जिन्हें वे बड़ी मुश्किल से ही देख पा रहे थे। क्योंकि ऊपर बादल थे और जमीन सिर्फ 1000 फुट नीचे थी, अतः वायुयान के संचालन के लिए अधिकतम उड़ान कुशलता और सहीपन का होना बहुत जरूरी था।

इन्होंने रफ्तार कम की और नीचे उतरने के दौरान वायुयान की सभी प्रणालियों को जांचा-परखा और दिमागी अंदाज़े से काम लिया। चूंकि हवा के थपेड़े आने से काकपिट में बहुत शोर हो रहा था, इसलिए स्क्वाड्रन लीडर बनर्जी ने वायुयान में हुए अनुमानित नुकसान से वायु यातायात नियंत्रण को सूचित किया और लैंडिंग के "फाइनल" पर हरा कारतूस दागने को कहा। रफ्तार को बहुत कम करने के बाद, बड़ी मुश्किल से वे अपनी आंखें खुली रख पा रहे थे और बड़ी कठिनता से रनवे को देखा और मूल्यवान वायुयान को नष्ट होने से बचाते हुए सुचारू रूप से वायुयान को नीचे उतार लाए।

स्क्वाड्रन लीडर अधिप बनर्जी ने अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह किए बिना वायुयान को सुरक्षित उतारा और इस प्रकार उच्चकोटि की उड़ान कुशलता और सूझ-बूझ का परिचय दिया।

13. स्क्वाड्रन लीडर ओम प्रकाश शुगल (9532)
उड़ान (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 18 सितम्बर 1980)

स्क्वाड्रन लीडर ओम प्रकाश शुगल (9532) उड़ान (पायलट) को कुल मिलाकर लगभग 2700 घंटे की उड़ानें भरने का श्रेय प्राप्त है। इनमें से 740 घंटों की उड़ानें तो केवल मंक्रिया-त्मक ही हैं।

18 सितम्बर 1980 को स्क्वाड्रन लीडर ओम प्रकाश शुगल को दो इंजिन वाले परिवहन वायुयान की उड़ान करके पूर्वी सैक्टर की एडवान्स लैंडिंग ग्राउण्ड (ए० एल० जी०) में से एक पर वायु अनुरक्षण सप्लाई लैंडिंग सार्टी के लिए भेजा गया। ए० एल० जी० से उड़ान भर कर बेस के लिए लौटते समय उनके वायुयान का स्टारबोर्ड इंजिन बिना किसी पूर्व चेतावनी या संकेत दिए बन्द हो गया। वे तत्काल ए० एल० जी० की ओर एमर्जेन्सी लैंडिंग के लिए मुड़े और साथ ही साथ उन्होंने इंजिन के बन्द होने के संभावित कारण जानने के प्रयास किए। अभी वे इस संकट से उभरे ही थे कि पोर्ट इंजिन में बहुत ज्यादा बैक फायर शुरु हो गया जिससे ऊर्जा का ह्रास होने लगा। ऐसी परिस्थितियों में उनके पास ए० एल० जी० तक पहुंचने के लिए जितने समय तक संभव हो सके उतने समय के लिए पोर्ट इंजिन की अव्यवस्थित ऊर्जा पर निर्भर होने के अतिरिक्त और कोई चारा न था। पोर्ट इंजिन में गड़बड़ी होने के कारण उन्हें इसे अन्ततः बन्द करना पड़ा। कोई अन्य विकल्प न होने पर उन्होंने स्टारबोर्ड इंजिन को फिर से चालू कर दिया। दुर्गम भू-भाग तथा घने जंगल से घिरी हुई ए० एल० जी० पर सफल एमर्जेन्सी लैंडिंग करने के लिए उन्होंने चालू इंजिन से जो कुछ भी ऊर्जा प्राप्त हो सकती थी, उसका उपयोग किया। क्रेश लैंडिंग से वायुयान पूर्ण रूप से ध्वस्त हो जाता और उसमें सवार सभी व्यक्तियों की मृत्यु निश्चित थी। सवार व्यक्तियों में नौ यात्रियों के साथ चालदल भी शामिल था।

अत्यधिक बैक फायर तथा स्टारबोर्ड इंजिन से अव्यवस्थित ऊर्जा उपलब्ध होने के कारण ए० एल० जी० पर उतरने के लिए चिन्ताजनक घड़ियों के दौरान दिशा पर नियंत्रण बनाए रखना अत्यन्त कठिन हो गया। दुर्घटना के समीप होने पर भी स्क्वाड्रन लीडर शुगल अविचलित रहे और धैर्य का परिचय देते हुए उन्होंने परिस्थितियों पर सराहनीय रूप से नियंत्रण बनाए रखा और ऊर्जा का प्रायः पूर्ण रूप से ह्रास होने पर लैंडिंग के अन्तिम चरण में बड़े कुशल ढंग से फ्लैप्स का सहारा लेते हुए सफलता पूर्वक लैंडिंग की।

स्क्वाड्रन लीडर ओम प्रकाश शुगल ने इस प्रकार असाधारण शान्त मनोदशा, उत्कृष्ट एयरमैनशिप और अनुकरणीय साहस का परिचय दिया।

14. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट प्रकाश धुलप्पा नवाले (13602)
उड़ान (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 20 सितम्बर, 1980)

20 सितम्बर 1980 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट प्रकाश धुलप्पा नवाले (13602), उड़ान (पायलट), को एक विशिष्ट व्यक्ति को, उड़ीसा के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र और उसके आसपास की हैलिकाप्टर से टोह लगवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। गुनपुर में उतरने के बाद, विशिष्ट व्यक्ति हैलिकाप्टर के आसपास इकट्ठे लोगों से बातचीत में लग गए। इस बीच भीड़ के एक वर्ग ने उनके विरुद्ध नारेबाजी शुरु कर दी। भीड़ में उत्तेजना ने जोर पकड़ा और उपद्रवी चारों तरफ से उस विशिष्ट व्यक्ति की ओर बढ़े। फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट नवाले ने सामने मंडराते हुए अवश्यंभावी खतरे को भांप लिया, और अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह किए बिना भीड़ को चीर कर लांघते हुए, विशिष्ट व्यक्ति तथा हैलि-काप्टर को पीठ के पीछे करके दोनों के मध्यस्थ दीवार की तरह खड़े हो गए। उपद्रवियों ने न सिर्फ फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट नवाले के साथ हाथापाई की बल्कि उन्हें और विशिष्ट व्यक्ति को हैलिकाप्टर से दूर धकेल ले गए। हैलीकाप्टर को भी नुकसान पहुंचाया।

भीड़ का गुस्सा शान्त होने पर, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट नवाले और विशिष्ट व्यक्ति वापस आए। उन्होंने शीघ्र ही नुकसान का जायजा लिया। जब वे ऐसा कर रहे थे तो एक उपद्रवकारी ने उनसे हैलिकाप्टर से चले जाने और विशिष्ट व्यक्ति को पीछे छोड जाने के लिए कहा। उन्होंने मौके का फायदा उठाया और उड़ निकले। उन्होंने तत्काल हैलिकाप्टर जमीन पर उतारा और विशिष्ट व्यक्ति को साथ लिया और उन्हे उड़ा कर गोपालपुर सुरक्षित ले गए।

यदि फ्लाइट लेफ्टिनेट नवाले उस विशिष्ट व्यक्ति को उस संकट की घड़ी मे उड़ा कर न ले गए होते तो परिस्थिति गम्भीर मोड़ ले सकती थी जिसके परिणामस्वरूप उस विशिष्ट व्यक्ति के साथ कुछ भी गम्भीर घटना हो सकती थी और कानून व व्यवस्था की स्थिति और भी ज्यादा बिगड़ सकती थी।

इस कार्रवाई मे फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट प्रकाश धुलप्पा नवाले ने दृढ़ निश्चय, साहस, सूझ-बूझ तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

15. जे० सी० 87532 सूबेदार करनैल सिंह, जाक राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 22 अक्तूबर, 1980)

22 अक्तूबर, 1980 को इस बात की विश्वसनीय सूचना मिलने पर कि गैरकानूनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी० एल० ए०) के एक प्रमुख नेता इम्फाल क्षेत्र में एक सभा करने वाले हैं तो इस पर जाक राइफल्स के जे० सी० 87532 सूबेदार करनैल सिंह को एक विशेष मिशन का नेतृत्व करने के लिए तैनात किया गया। उन्होंने योजना बनाई और अपने दल सहित उस क्षेत्र की निगरानी करने के लिए निकल पड़। रास्ते मे एक आदमी को सदेहात्मक स्थितियों में घूमते हुए देखकर उन्होंने एक और जवान को साथ लेकर उस आदमी का पीछा किया। संदिग्ध व्यक्ति पहले से ही चौकस हो गया था और उसने पिस्तौल दिखा कर भागने की चेष्टा की लेकिन सूबेदार करनैल सिंह ने उस उग्रवादी को दबोच लिया और उसे निरस्त्र कर दिया। बाद में शिनाख्त करने पर वह उग्रवादी गैरकानूनी पी० एल० ए० का सेकेण्ड-इन-कमांड चिरोम रणजीत सिंह निकला, जिसे पकड़ने के लिए एक नगद पुरस्कार की घोषणा की जा चुकी थी।

इसके बाद, 26 नवम्बर, 1980 को सूबेदार करनैल सिंह को इम्फाल सड़क पर आने-जाने वालों की पड़ताल के लिए तैनात किया गया। जिस समय यह दस्ता पैदल यात्रियों और साईकिल चालकों की तलाशी ले रहा था तो एक साइकिल चालक ने तलाशी लेने वाले पर गोली चलायी। सूबेदार करनैल सिंह ने तुरत बढ़कर अपनी करबाइन से गोली चला कर उस साइकिल चालक को तत्क्षण धराशायी कर दिया। बाद में उस आदमी की पहचान करने पर वह पी० एल० ए० का एक कट्टर सदस्य निकला।

शूरवीरता के इन कार्यों में जे० सी० 87532 सूबेदार करनैल सिंह ने दृढ़ता, परम कर्त्तव्यपरायणता, नेतृत्व और सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल उच्च कोटि के साहस का परिचय दिया।

16. जी० 106874 अधीक्षक भवन तथा सड़क निर्माण ग्रेड-I वेलैयानाडार पैरीवन्दवार।

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 13 दिसम्बर, 1980)

अक्तूबर, 1980 से दिसम्बर, 1980 के दौरान 160 फार्मेशन कटिंग प्लाटून (जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स) के जी०/106874 अधीक्षक भवन तथा सड़क निर्माण, ग्रेड-1, वेलैयानाडार पैरीवन्दवार लाहौल घाटी मे संसारी कीलर-थिरोट सड़क पर फार्मेशन कटान कार्य के कार्य प्रभारी अफसर के रूप में कार्य कर रह थे। वे वहां जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के 100 कार्मिकों तथा 400 नैमित्तिक मजदूरों का कार्य देख रहे थे।

1 दिसम्बर, 1980 को 27वें किलोमीटर पर चट्टान फिसलने के कारण एक मजदूर मारा गया था। इस दुर्घटना के कारण कर्मचारियों के मन में भय बैठ गया और वहां काम ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा था। श्री वेलैयानाडार पैरीवन्दवार ने स्वयं काम करके अपने कर्मचारियों मे विश्वास पैदा कर उन्हें काम करने के लिए प्रेरित किया। 13 दिसम्बर, 1980 को दुर्भाग्यवश 200 फुट ऊपर से अचानक एक चट्टान नीचे को फिसलने लगी। उसे देखत ही उन्हें अपने कर्मचारियो की चिन्ता हुई और उन्होंने उन्हें सुरक्षित स्थान पर चले जाने का आदेश दिया। सभी व्यक्ति सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए और इस भारी स्खलन का उन पर कोई प्रभाव न पड़ा। किन्तु अपने साथियों की सुरक्षा में लगे रहने के कारण श्री वेलैयानाडार पैरीवन्दवार अपनी सुरक्षा का समय गंवा बैठे। उनके ऊपर भारी मात्रा मे चट्टान का मलबा गिर पड़ा और वे उसके नीचे दब गए। जब प्लाटून के कार्य प्रभारी अफसर घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्हें अंतिम सांस लेते हुए पाया।

श्री वेलैयानाडार पैरीवन्दवार ने इस प्रकार साहस, दृढ़ और निश्चय और बहुत ही उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

17. 293066 कारपोरल दर्शन सिंह बरार वर्कशाप फिटर (सी)।

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 25 जनवरी, 1981)

25 जनवरी 1981 को, कारपोरल दर्शन सिंह बरार, वर्कशाप फिटर (सी) पत्नी सहित, अपनी साली के विवाह पर भटिण्डा जाने के लिए कालका-फिरोजपुर माल गाड़ी पर सवार हुए। रात को लगभग 1-15 बजे, जब गाडी बरनाला रेलवे स्टेशन से चली तो तीन गुण्डे कारपोरल बरार के डिब्बे में घुस आए। उनमें से दो के पास चाकू थे और तीसरे के पास देसी पिस्तौल थी। लुटेरों ने यात्रियों को जगाना शुरू कर दिया और उन से उनके पास सारी कीमती चीजें और नकदी सौंपने को कहा। गुण्डों में से एक ने कारपोरल बरार तथा उनकी पत्नी को जगाया और चाकू दिखा कर धमकाते हुए उन से सारी कीमती चीजें तथा नकदी दे देने के लिए कहा।

दूसरे यात्रियों की तरह गुण्डों की धमकियों के आगे झुकने के बजाय, कारपोरल बरार ने निडरता से उनका मुकाबला किया और उनसे भिड़ गये। निहत्थे होते हुए भी, कारपोरल बरार ने एक डाकू को पकड़ लिया और बाकी यात्रियों को ललकारा कि वे भी उठकर डाकुओं का निर्भीकता से मुकाबला करें। दुर्भाग्य से, डिब्बे में डर के मारे, कोई भी यात्री आगे न आया और कारपोरल बरार अकेला ही लड़ता रहा। जिस समय वह एक डाकू को दबोचने वाले ही थे, तो उस डाकू की पुकार सुनकर उसका पिस्तौलधारी साथी लड़ाई में आ शामिल हुआ और उसने बहुत ही करीब से कारपोरल बरार पर गोली चला दी। कारपोरल बरार गिर पड़े और उसी समय उनकी मृत्यु हो गई।

डाकुओं के विरुद्ध कारपोरल दर्शन सिंह बरार द्वारा दर्शाया गया साहस तथा वीरता पूर्ण द्वन्द केवल आत्मरक्षा के लिए ही नहीं था बल्कि दूसरे यात्रियों को बचाने के निमित्त भी था और अन्त में उनका बलिदान सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप है।

18. जी० 97871 खुदाई मशीन प्रचालक रावेल सिंह।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 फरवरी, 1981)

24 जनवरी, 1981 से 8 फरवरी, 1981 के बीच जम्मू से श्रीनगर को जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग 'ला' पर, 135 किलो मीटर और 212 कि० मि० के बीच के हिस्से में भारी बर्फ पड़ी जिसकी वजह से बहुत सी जगहों पर पहाड़ खिसक गए और फिसली बर्फ के ढेर लग गए। जी 97871 खुदाई मशीन प्रचालक रावेल सिंह को 136 किलोमीटर और 180 किलोमीटर के बीच डोजर से बर्फ हटाने के लिए तैनात किया गया। 5 फरवरी, 1981 को दोपहर दो बजे के आसपास उस क्षेत्र में हिम स्खलन से छः-छः मीटर की ऊंचाई के ढेर लग गए। इससे सड़क बंद हो गई और करीब 100 बसें /सिविल ट्रक और श्रीनगर से जम्मू जाने वाली सेना की कानवाई उस हिम स्खलन क्षेत्र के दोनों ओर अटक गई। बर्फ के इन ढेरों को हटाने का चुनौती भरा कार्य जी० 97871 रावेल सिंह को सौंपा गया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए बड़ी क्षमतापूर्वक सतत कार्यरत रहने से करीब शाम के साढ़े सात बजे तक उन्होंने लगभग 80 प्रतिशत बर्फ साफ कर दी। उनके कार्य करने के स्थल से ऊपरी ढलानों से अचानक हिम स्खलन हुआ और वे अपने डोजर सहित बर्फ में दब गए। इस दुर्घटना के फलस्वरूप वे घायल भी हो गए और अगर जम्मू कश्मीर की यातायात पुलिस कुछ सिविलियन अधिकारी और आम जनता बर्फ के ढेर में से उन्हें खींचकर बाहर नहीं निकालते और तुरंत बनिहाल अस्पताल में नहीं पहुंचा देते तो शायद उनकी मृत्यु हो जाती।

जी० 97871 खुदाई मशीन प्रचालक रावेल सिंह ने इस प्रकार साहस और उच्च कोटि के कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया

19. श्री मोहम्मद फजरूल रहमान,
मस्जिद रोड, पश्चोना बाजार, इम्फाल।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 24 अप्रैल, 1981)

24 अप्रैल, 1981 को लगभग 11-15 बजे जब श्री मोहम्मद फजरुल रहमान "मुस्लिम ग्रैण्ड होटल" नामक अपने रेस्टोरेंट से ग्राहकों से पैसे ले रहे थे तो वहां हथियारों से लैस चार लुटेरे घुस आए। जब उनमें से एक बाहर मुख्य दरवाजे पर तैनात हो गया तो दूसरे ने ग्राहकों तथा कर्मचारियों को बन्दूक की नोक पर अपनी जगह से न हिलने का आदेश दिया। बाकी दो लुटेरे कैश कांउटर की ओर दौड़े। श्री रहमान के सिर के ऊपर पिस्तौल की नाल रख कर उन्होंने श्री रहमान की सारी नकदी सुपुर्द करने को कहा पर श्री रहमान उन हथियार-बंद बदमाशों से भिड़ गए और एक को जमीन पर पटक दिया। यह देखकर दूसरे बदमाश ने गोली चला दी जिससे मोहम्मद अलाउद्दीन नामक व्यक्ति घायल हो गया। श्री रहमान को जबरदस्त मुकाबला करते देख कर लुटेरे भयभीत हो गए और अपने एक साथी को छोड़कर वहां से भाग निकले। श्री रहमान द्वारा पटके गए लुटेरे को निरस्त्र कर दिया गया और उससे पांच कारतूसों सहित एक भरी हुई पिस्तौल बरामद की गई। बाद में शिनाख्त करने पर वह लुटेरा मणिपुर के उग्रवादी संगठन का सदस्य सोराइसाम इनाओबा सिंह निकला।

श्री मोहम्मद फजरूल रहमान ने इस प्रकार साहस और वीरता का परिचय दिया।

30. कैप्टन रणजीत सिंह देव (आई० सी०-24238)
आर्टिलरी, एयर आब्जरवेशन पोस्ट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 26 मई, 1981)

24 मई, 1981 को सूचना मिली कि ननकुन चोटी से कुछ ही सौ फुट नीचे लगभग 6300 मीटर की ऊंचाई पर जापानी पर्वतारोही अभियान दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से बीमार थे। 25 मई, 1981 को हैलीकाप्टर उतारने के अनेक प्रयास किए गए परन्तु ऊंचाई बहुत ज्यादा होने के कारण उतरने के प्रयास छोड़ने पड़े।

26 मई, 1981 को यह काम कैप्टन रणजीत सिंह देव को सौंपा गया। उन्होंने सह-पायलट के रूप में कैप्टन पी० सी० भण्डारी को साथ लिया और श्रीनगर हवाई अड्डे से सुबह 5-30 बजे ननकुन के लिए उड़ान भरी। उस क्षेत्र में पहुंचने पर कैप्टन देव ने देखा कि उन्हें 23,800 फुट की ऊंचाई पर दो पहाड़ियों के बीच बर्फ से ढके छोटे से एकदम अनुपयुक्त तल पर उतरना होगा। यह स्थान विमान के लिए निर्धारित अधिकतम ऊंची उड़ान की सीमा से भी 800 फुट अधिक ऊंचाई पर था। यहां गहरी बर्फीली खाइयां थीं जो छिदरी बर्फ से ढकी हुई थीं। यह देखते हुए कि अगर हैलीकाप्टर की उड़ान एक ही पायलट भी करे तो भी विमान में नाममात्र की ऊर्जा शेष रहेगी, उन्होंने अपने सहपायलट को एक अग्रिम आधार चौकी पर उतार दिया। फिर वहां से चुनौती से भरी हुई मिशन के लिए अकेले ही उड़ान भरी और सब खतरों की जानकारी रखते हुए भी गम्भीर रूप से बीमार पर्वतारोहियों को निकाल लाने के लिए चल दिए।

मेघों से आच्छादित आकाश, विप्लवकारी मौसम और बर्फ से ढके हुए भाग इस मिशन को अत्यधिक खतरनाक बना दे रहे थे। कई प्रयासों के बाद बीमार व्यक्तियों का पता लगाकर कैप्टन देव ने जुड़वा चोटियों के बीच एक छोटे से स्थान पर हैलीकाप्टर उतारा। जैसे ही हैलीकाप्टर उतरा थके मांदे पर्वतारोही अपने बेहोश साथी को तम्बू से बाहर खींच लाए। काफी कोशिश करने पर पहला बीमार व्यक्ति हैलीकाप्टर में चढ़ाया जा सका। फिर इन्होंने उड़ान भरी और अग्रिम आधार शिविर से अपने सह-पायलट को साथ लेकर बहुत थोड़ा सा पेट्रोल बचने पर कारगिल में उतरे।

कैप्टन देवा ने शेष बचे पर्वतारोहियों को बचाने केलिए पुनः उड़ान भरी। तापमान बढ़ जाने से ऊंचाई पर बर्फ का घनत्व और बढ़ गया और इसने पहले से ही खराब मौसम को और अधिक विप्लवकारी बना दिया। बाद की दो उड़ानों में ये उसी जगह पर उतरे और बाकी बचे पर्वतारोहियों को उनके उपस्करों के साथ सम्मिलित ले आए।

कैप्टन रणजीत सिंह देव ने इस प्रकार उच्च कोटि की व्यावसायिक कार्य कुशलता, दृढ़ निश्चय, साहस और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

21. लेफ्टिनेंट ओम प्रकाश सिन्धू (01591-आर०) आई० एम०।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 6 जून, 1981)

6 जून, 1981 की शाम को लगभग 6-50 बजे समस्तीपुर से बनमुखी जाने वाली भाग्यहीन 416 डाऊन यात्री गाड़ी बागमती नदी में गिर गई। दुर्घटना स्थल पर धारा प्रवाह अत्यन्त तीव्र था और पानी गंदला एवं गहरा था, जिसके कारण पानी के बीच कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। भारतीय नौसेना को डूबे हुए मलबे में से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों के शवों को अत्यन्त शीघ्रता से निकालने का जोखिमपूर्ण कार्य और नदी के गहरे तल में दबी हुई बोगियों को बरामद करने का कार्य सौंपा गया।

लेफ्टिनेन्ट ओम प्रकाश सिन्धू (01591-आर०) को जलमग्न बोगियों का पता लगाने और उनमें फंसे शवों को निकालने का कार्य सौंपा गया था। गोता लगाने की अत्यन्त जोखिम भरी परिस्थितियों में तथा फंसे हुए मलबे से व्यक्तिगत सुरक्षा को भारी खतरा होने के बावजूद इन्होंने पानी के अन्दर निरक्षण करने एवं मलबे का पता लगाने के लिए आरंभिक गोताखोरी की। इन्होंने स्वयं भारी खतरे का सामना करते हुए अनुकरणीय दृढ़ता के साथ लगातार गोताखोरी की ताकि इनके दल को कम खतरे का सामना करना पड़े। इनके क्रियाशील तथा प्रेरक नेतृत्व और कुशल संगठन में इनका दल दो जलमग्न बोगियों का पता लगाने और उनके वास्तविक स्थल को ज्ञात करने में सफल हुआ।

लेफ्टिनेन्ट ओम प्रकाश सिन्धू ने इस प्रकार वीरता, दृढ़ता, कर्त्तव्यपरायणता और प्रेरक नेतृत्व का परिचय दिया।

22. जं० ओ०—एन० वाई० ए० सहायक इंजीनियर (सिविल)

किझाकेथिल राघवन पिल्लै जयप्रकाशम।

(मरणोपरांत))

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 19 जून, 1981)

नागालैण्ड में संचार की महत्वपूर्ण कड़ी चेनसांग मोन-नगिरोमारा मार्ग पर निर्माण कार्य हो रहा था। संचार व्यवस्था में सुधार करने के लिए इस मार्ग के 71वें किलोमीटर पर (उक्का के निकट एक कैम्प लगाना आवश्यक था। यह इलाका भूमिगत विरोधियों से भरपूर था और कोई भी अधिकारी इस कैम्प का चार्ज लेने के लिए स्वतः तैयार नहीं था। जोखिमों को भली प्रकार जानकारी रखने पर भी जी० ओ०-एन० वाई ए० सहायक इंजीनियर (सिविल) किझाकेथिल राघवन पिल्लै जयप्रकाशम ने जनवरी, 1980 में स्वेच्छा से यह कार्यभार सम्भाल लिया। उनके इस व्यक्तिगत उदाहरण से प्रोत्साहित होकर अन्य कार्मिक तथा कैजुअल मजदूर भी इस कैम्प में काम करने के लिए तैयार हो गए।

अपनी जान की जरा भी परवाह किए बिना श्री जय प्रकाशम पूरी तरह से अपने काम में जुट गए। उन्हें सौंपे गए स्टोर और सामान की सुरक्षा का उन्होंने विशेष ध्यान रखा ताकि ये विरोधियों के हाथ न लगने पाएं। उनके साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता से प्रेरित होकर अन्य कार्मिकों ने भी उन्हीं की तरह कार्य किया।

19 जून, 1981 की रात को स्वचालित शस्त्रों से लैस विरोधियों का एक दल, जो बहुमूल्य सामान तथा विस्फोटकों को लूटना चाहता था, कैम्प में घुस आया और श्री जयप्रकाशम के कमरे का दरवाजा तोड़ कर बहुत पास से उन पर गोली मार दी।

श्री किझाकेथिल राघवन पिल्लै जयप्रकाशम ने इस प्रकार अदम्य साहस, उत्कृष्ट वीरता तथा अति उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

23. जी०/44427 ड्राइवर मैकेनिकल इक्विपमेंट नच्छित्तर सिंह।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 20 जून, 1981)

अगस्त, 1978 में भागीरथी नदी में अभूतपूर्व बाढ़ आ जाने से ऋषिकेश-जोशीमठ मार्ग पर गगनानी से डबरानी तक की सड़क बह गई। अतः यह जरूरी हो गया कि नदी के बाएं किनारे नई सड़क बनाई जाए। निर्माण कार्य के लिए नदी की तीव्र धारा में एक डोजर दूसरे किनारे पर लेजाना था और इससे आपरेटर सहित डोजर के बह जाने का खतरा था।

